## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्यपाल डेका से परिवीक्षाधीन वन सेवा के अधिकारियों ने की भेंट

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में भारतीय वन सेवा के 2023 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। डेका ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी दिया। डेका ने कहा कि अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी व अनुशासन के साथ करें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की समझाइश दी और कहा कि वनों की सुरक्षा और संरक्षण देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए इस कार्य को अपना प्रथम कर्तव्य मानना चाहिए। राज्यपाल ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों को अपने कार्य में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रभारी अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक नवीद शजाउद्दीन तथा वन सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी श्वेता कम्बोज, तन्मय कौशिक, गौतम पदीभर और सुमेध संजय सुरवाडे उपस्थित थे।

### तराईमाल में पूंजीपथरा पुलिस की गांजा रेड, आरोपी गिरफ्तार: करीब एक किलो गांजा और मोटरसाइकिल जब्त

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए तराईमाल उदय भान कॉलोनी के पास अवैध गांजा बेचने की तैयारी कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से 0.902 किलोग्राम गांजा और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की है। थाना प्रभारी राकेश मिश्रा को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति काले-हरे रंग की बिना नंबर की बजाज सीटी 100 मोटरसाइकिल के हैंडल पर प्लास्टिक बैग में मादक पदार्थ गांजा लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने गवाहों की उपस्थिति में आरोपी को मौके पर पकड़ा। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम ओम शंकर साहू (40 वर्ष), निवासी गौध, थाना जांजगीर, वर्तमान निवासी तराईमाल, खान कॉलोनी बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से प्लास्टिक बैग में 0.902 किलोग्राम गांजा, जिसकी कीमत लगभग रु.10,000 है, बरामद किया गया। इसके साथ ही रु.40,000 मूल्य की बजाज सीटी 100 मोटरसाइकिल भी जब्त की गई।

### विशेष विवाह अधिनियम के तहत जिले के अपर न्यायालय कोर्ट में 10 जोड़ो का हुआ विवाह

**रायपुर (आरएनएस)।** जिले में विशेष विवाह अधिनियम के तहत आज 10 विवाह संपन्न हुए। इस अधिनियम के तहत इच्छुक आवेदकगण अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी के समक्ष आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक जो लडक़ा-लडक़ी बालिग हों कोर्ट में दस्तावेज प्रस्तुत करने पर विवाह संपन्न कराया जाता है। इसके लिए आवेदन पत्र 7 प्रति में, शपथ पत्र वर-वधु दोनो का जिसमें अविवाहित-तलाकशुदा-विदूरध्विधवा का एवं उनके बीच कोई रक्त संबंध नही है, का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिये। तलाकशुदा होने की स्थिति में संबंधित न्यायालय का आदेश-डिग्री एवं विदूर-विधवा होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र होना चाहिए। जन्मतिथि के लिये अंकसूची जिसमें जन्मतिथि अंकित हो अथवा जन्म प्रमाण पत्र दोनो की, फोटो वर-वधु की अलग-अलग, 7 फोटो वर-वधु की अलग-अलग, 8 रूपये का चालान, 108-विवाह शुल्क भारतीय स्टेट बैंक मेन ब्रांच रायपुर में जमा करना होगा। साथ ही वर-वधु का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, बिजली बिल, राशन कार्ड, दो लिफाफा जिसमें 30/- रूपये का डाक टिकट लगा हो। उपरोक्त दस्तावेज आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय द्वारा आवेदकगण के विवाह हेतु आपत्ति दावा प्राप्त करने के लिये 30 दिवस का सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन कार्यालय की नोटिस बोर्ड में पेपर पब्लिकेशन के माध्यम से कराया जाता है, साथ ही संबंधित विवाह अधिकारी-तहसीलदार को भी सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन प्रेषित करते हुये, आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत विवाह का आवेदन पत्र की प्रति उनके पालक को भी भेजी जाती है। निर्धारित तिथि तक आपत्ति प्राप्त होने पर आपत्ति का निराकरण करते है। यदि आपत्ति प्राप्त नही होती है. तो उनका विवाह सम्पन्न कराया जाता है।

# 5 करोड़ की लागत से बनेगा भक्तिन माता राजिम की भव्य कांस्य प्रतिमा : मुख्यमंत्री

**रायपुर । आरएनएस**



राजिम शैव और वैष्णव परंपरा का संगम स्थल है। राजिम के इस पवित्र स्थल में ही भगवान श्रीराम ने कुलेश्वर महादेव की स्थापना कर उनकी पूजा-अर्चना की थी। सोन्ढूर, पैरी और महानदी के त्रिवेणी संगम के कारण यह क्षेत्र पूरे देश में प्रसिद्ध है। राजिम नगरी छत्तीसगढ़ का प्रयागराज के रूप में प्रसिद्ध है। यहां से प्रवाहित होने वाली महानदी पापमोचिनी गंगा कहलाती है। राजिम भक्तिन माता के नाम पर ही राजिम का नाम हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजिम में साहू समाज द्वारा आयोजित भक्तिन माता राजिम जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि हम आज उस भूमि में एकत्रित हुए हैं जहां भगवान श्रीराम ने माता सीता के साथ अपने चरण रखे। माता सीता ने यहां महादेव की पूजा अर्चना की और रेत से ही कुलेश्वर महादेव को स्थापित किया। उन्होंने कहा कि राजिम भक्तिन माता ने जिस त्याग और तपस्या का उदाहरण प्रस्तुत किया, उसकी स्मृति साहू समाज संजोये हुए है। राजिम भक्तिन माता की जयंती से सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलता है। साथ ही उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा मिलती है। समाज के एकजुट होने से प्रदेश और देश को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने इस अवसर पर राजिम में भक्तिन माता की भव्य कांस्य प्रतिमा की स्थापना के लिए 5 करोड़ रूपए की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि साहू समाज प्रगतिशील समाज है। यह समाज खेती किसानी के साथ-साथ व्यापार, उद्योग जगत में आगे बढ़ रहा है। साहू समाज अपनी विरासत को भी संजोये हुए हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति लेकर 140 करोड़ भारतीयों को अपना परिवार मानकर उनके हित में 18-18 घंटे काम करने वाले देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आपके समाज का गौरव हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय राजिम में भव्य कुंभ कल्प की शुरूआत हुई थी। पूर्ववर्ती सरकार ने इसकी गरिमा कम कर दी थी। हमारी सरकार ने राजिम कुंभ कल्प की गरिमा को पुनर्स्थापित किया है। पिछले साल राजिम कुंभ में देश भर से संत समागम हुआ। हम इस साल भी हम भव्य राजिम कुंभ कल्प का आयोजन करने जा रहे है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताओं और बहनों की उपस्थिति है। हमने महतारी वंदन योजना से महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम किया है। अभी हाल ही में इस योजना की ग्यारहवीं किश्त माता-बहनों के खाते में हस्तांतरित की गई है। पहली तारीख को माताओं-बहनों के मोबाइल में इस योजना की राशि जाती है और उनका चेहरा खिल जाता है। इससे उन्हें अपने बजट को व्यवस्थित करने में मदद मिलती है। जब भी मैं इस बारे में उनसे चर्चा करता हूँ वे बहुत खुश हो कर बताती हैं कि इस योजना से उनके जीवन में कितना बदलाव आया। सही मायने में तब लगता है कि हम अटल जी के सुशासन का सपना छत्तीसगढ़ में साकार कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि उन्होंने अमेरिका प्रवास के दौरान देखा कि किस तरह विदेशों में भी साहू समाज के बच्चे छत्तीसगढ़ का परचम लहरा रहे हैं। अपनी कर्मठता और संकल्पशक्ति से साहू समाज के लोग देश-दुनिया में समाज का नाम उंचा कर रहे हैं। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बताया कि भक्त माता करमा के नाम पर डाक टिकट जारी होना हम सब के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि करमा माता ने अपना जीवन समाज को समर्पित किया, उनके विचारों और आदर्शों से समाज का विकास हो सके इसलिए जरुरी है कि हम सभी उन विचारों को आत्मसात करें।

## अबूझमाड़ मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की हुई शिनाख्त

**जगदलपुर । आरएनएस**




अबूझमाड़ मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त हो गई है। इनकी पहचान पीपीसीएम पीएलजीए प्लाटून नंबर 32 के सदस्य देवसिंह, दिनेश, सुमती उर्फ कमला उर्फ कविता, सुकमती एवं गट्टाकाल मिलिशिया कमाण्डर महेश उर्फ लच्छू पुंगाटी के रूप में हुई है। मारे गये नक्सलियों पर कुल 21 लाख के इनाम थे। इनके पास से एक एके-47, दो एसएलआर, एक 8 एमएम रायफल, एक 12 बोर रायफल सहित बड़ी मात्रा में विस्फोटक, नक्सल साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है। बस्तर आईजी सुन्दरराज पी. ने बुधवार को बताया कि दंतेवाड़ा, नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्र जंगल पहाड़ी में प्रतिबंधित नक्सली संगठन सीपीआई (एम) के सदस्य, माड़ डिविजन कमेटी, पीएलजीए प्लाटून नम्बर 32 एवं इन्द्रावती एरिया कमेटी इत्यादि के शीर्ष नक्सलियों की सूचना पर नक्सल विरोधी अभियान पर जिला दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर, कोंडागांव की डीआरजी एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम अबूझमाड़ रवाना हुई थी। अभियान के दौरान 4 जनवरी को शाम लगभग साढ़े तीन बजे ग्राम गट्टाकाल के जंगल पहाड़ में मुठभेड़ शुरू हुई, जो देर रात तक लगातार चलती रही। फायरिंग बंद होने पर सभी टीमों द्वारा सर्च करने पर दो महिला एवं तीन पुरुष सशस्त्र वर्दीधारी नक्सलियों ऐ शव बरामद हुए।बस्तर आईजी ने कहा कि नक्सली संगठन के पास अब हिंसा छोडक़र आत्मसमर्पण करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा है इसलिए नक्सली संगठन से अपील है कि वे तत्काल हिंसात्मक गतिविधियों को छोडक़र समाज की मुख्य धारा में जुड़े अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहें।

मुठभेड़ में मारे गयें नक्सलियों में देवसिंह, पी.पी.सी.एम. प्लाटून नम्बर 32 सदस्य, (05 लाख इनामी) निवासी बीजापुर, दिनेश, पी.पी.सी.एम. प्लाटून नम्बर 32 सदस्य (05 लाख इनामी) निवासी दक्षिण बस्तर, सुमती उर्फ कमला उर्फ कविता पी.पी. सी.एम. प्लाटून नम्बर 32 सदस्य(05 लाख इनामी) निवासी अहेरी जिला गढ़चिरौली, महाराष्ट्र, सुकमती पी.पी.सी.एम. प्लाटून नम्बर 32 सदस्य (05 लाख इनामी) निवासी जिला बीजापुर, महेश उर्फ लच्छू पुंगाटी गट्टाकाल मिलिशिया कमाण्डर (एक लाख इनामी) निवासी मेटावाड़ा शामिल हैं। मारे गये नक्सलियों से बरामद हथियार/सामाग्री में एके 47- एक नग एवं 20 नग राउण्ड और मैग्जीन 02 नग, एसएलआर – 2 नग एवं 35 नग राउण्ड और मैग्जीन 4 नग, 8 एम.एम रायफल – 1 नग एवं 7 नग राउण्ड और मैग्जीन 8 नग, 12 बोर रायफल 1 नग तथा बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद किया गया है।

## एचएमपीवी वायरस को लेकर आवश्यक सुझाव एवं दिशा निर्देश तैयार करने समिति का गठन

**रायपुर । आरएनएस**

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संबंध में सभी राज्यों को जागरूकता हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य में एचएमपीवी संक्रमण के संबंध में वर्तमान / अद्यतन स्थिति पर सतत् निगरानी बनाए रखने हेतु एक तकनीकी समिति का गठन किया गया है। एचएमपीवी के संक्रमण के रोकथाम, बचाव, जागरूकता एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में आवश्यक सुझाव एवं दिशा निर्देश तैयार किए जाने हेतु समिति का गठन किया गया है। इस समिति में संचालक, महामारी नियंत्रण डॉ.एस.के. पामभोई अध्यक्ष के रूप में हैं। इनके साथ सदस्य के रूप में उपसंचालक डॉ. खेमराज सोनवानी, उपसंचालक डॉ. धर्मेन्द्र गहवई, राज्य सलाहकार आईएसडीपी आकांक्षा राणा तथा राज्य सलाहकार आईएसडीपी चयनिका नाग शामिल हैं। यह तकनीकी समिति राज्य में एचएमपीवी के संबंध में समय-समय पर अपना प्रतिवेदन अभिमत स्वास्थ्य विभाग को प्रस्तुत करेगी।

## प्रेम प्रसंग: 9वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों व दोस्तों से पूछताछ

**कोरबा । आरएनएस**

कोरबा जिले के राताखार बस्ती में एक 9वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसके कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत का है। यहां राताखार बस्ती में रहने वाली प्रतिभा उईके उम्र (17 वर्ष) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी ने आत्महत्या के दौरान अपने मोबाईल से आत्महत्या का वीडियो भी बनाया। प्रतिभा कक्षा 9वीं की छात्रा थी। प्रेम प्रसंग को लेकर छात्रा द्वारा आत्मघाती कदम उठाए जाने की बात सामने आ रही है। जांच पड़ताल के दौरान यह बात सामने आई कि इंस्टाग्राम में छात्रा की दोस्ती बिलासपुर निवासी किसी एक युवक से हुई थी। वहीं दोस्ती आगे चलकर प्यार में बदल गई। फिलहाल छात्रा की आत्मघाती कदम उठाने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल सका है।

इस घटना के सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। छात्रा के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। छात्रा के मोबाइल को जब्त कर लिया गया है। वही इस मामले में परिजनों व छात्रा के दोस्तों से पूछताछ की जा रही है।

## 15 लीटर अवैध हाथ भट्ठी महुआ शराब परिवहन करते युवक पकड़ाया

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं प्र. सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन के तारतम्य में सघन गस्त कर कार्यवाही की जा रही है, अवैध शराब एवं अवैध मादक पदार्थो पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। वृत्त रायगढ़ (दक्षिण) में सुश्री रागिनी नायक, आबकारी उप निरीक्षक द्वारा पुसौर क्षेत्र में गस्त के दौरान ग्राम रूचिदा में आरोपी डिनील सारथी पिता घुराऊ राम सारथी उम्र-28 वर्ष, पता-सरड़ामाल नंदेली, थाना-पुसौर को गाडी टीवीएस मोटर सायकल से एक बोरी में 15 लीटर अवैध हाथ भ_ी महुआ शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर रिमाण्ड प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया।

इसी क्रम में वृत्त रायगढ़ (उत्तर) में जितेश नायक आबकारी उप निरीक्षकों द्वारा ग्राम शिवपुरी थाना-पूंजीपथरा में आरोपिया संतोषी सिदार पति बंशीलाल सिदार उम्र 47 वर्ष के रिहायसी मकान से 9.2 लीटर आवैध महुआ शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर रिमाण्ड प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया। रायगढ़ जिले में आबकारी अमला द्वारा सघन गस्त किया जाकर एवं आबकारी से संबंधित अपराधों पर तत्काल कड़ी कार्यवाही की जा रही है। आबकारी जॉच चौकियों में भी वाहनों की जॉच निगरानी की जा रही है। उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक तुलेश्वर राठौर, लालसिंह कंवर एवं कुलदीप ठाकुर एवं लाकेश नेताम आबकारी आरक्षक की सराहनीय भूमिका रही।

## सामूहिक अनशन : बीएड डिग्री धारक दो सहायक शिक्षकों की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

**रायपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के नया रायपुर में सामूहिक अनशन कर रहे क्च.श्वस्र डिग्री धारक सहायक शिक्षकों की तबीयत बिगड़ गई है। दो शिक्षिकाओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें अभनपुर के शासकीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

36 क्च.श्वस्र डिग्री धारक सहायक शिक्षक14 दिसंबर से सेवा सुरक्षा और समायोजन की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

आंदोलनकारियों ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि, धरना स्थल पर किसी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। शिक्षकों द्वारा 108 एंबुलेंस सेवा को कॉल कर बुलाया गया। जिसके बाद दोनों शिक्षिकाओं को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर में भर्ती कराया गया। इनमें से दो सहायक शिक्षिकाओं की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

क्च.श्वस्र धारक सहायक शिक्षक सेवा सुरक्षा और समायोजन की मांग को लेकर जल सत्याग्रह के साथ-साथ सामूहिक अनशन पर हैं। शिक्षकों का कहना है कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है। धरना स्थल पर स्वास्थ्य सुविधाओं की अनुपलब्धता और शासन-प्रशासन की चुप्पी पर आंदोलनकारी शिक्षकों ने नाराजगी जताई है।

आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगें सेवा सुरक्षा प्रदान करना और क्च.श्वस्र धारक सहायक शिक्षकों का समायोजन सुनिश्चित करना है। शिक्षकों का कहना है कि उनकी आजीविका और भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सरकार को त्वरित कदम उठाने चाहिए।

## पीएम जनमन योजना से पहाड़ी अंचलों में बिरहोर बसाहटों तक पहुंचने लगी है पक्की सड़क

- कच्चे रास्ते की चुनौतियां होंगी खत्म, बारिश में अब गांव तक एम्बुलेंस भी पहुंचेगी
- पीएम जनमन योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर बसाहटों तक पक्की सड़क बनाने न्यूनतम आबादी का मापदण्ड किया गया शिथिल

**रायगढ़**



रायगढ़ जिले के दूरस्थ पहाड़ी अंचलों में बसे विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवारों के उनकी सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए संचालित पीएम जनमन योजना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आ रही है। अब तक समाज की मुख्य धारा से नहीं जुड़ पाए इन बिरहोर बसाहटों तक अब पक्की सड़क पहुंचने लगी है। ये सड़कें इन बिरहोर परिवारों के सर्वांगीण विकास की नई राहें खोलेंगी। यहां रहने वाले निवासियों को अब सुकून है कि बारिश के दिनों में कच्ची सड़कों से होने वाली समस्याओं से उन्हें निजात मिलेगी।

धरमजयगढ़ ब्लॉक के बसंतपुर के बिरहोर गोविन्द और रामविलास ने बताया कि अब गांव में पक्की सड़क बन जाने से आवागमन में सुविधा मिल रही है। पहले पहाड़ी एरिया एवं कच्ची सड़कों के कारण गांववासियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। खासकर बारिश के दिनों में जब किसी को स्वास्थ्य संबंधी समस्या होती थी, तो कच्ची सड़कों के चलते एम्बुलेंस भी गांव तक नहीं पहुँच पाती थी। इसके अलावा बच्चों को स्कूल जाने में भी बड़ी कठिनाई होती थी, क्योंकि रास्ते की स्थिति खराब थी। अब सड़क के निर्माण से इन सभी समस्याओं का हल निकला है और लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिल रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को यहां गांव में पक्की सड़क निर्माण कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर बसाहटों तक पक्की सड़क बनाने न्यूनतम आबादी का मापदण्ड किया गया शिथिल**

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ये सड़कें बनवायी जा रही है। इस योजना के तहत बनने वाली सड़कें सामान्य बसाहट में 500 से अधिक आबादी और अनुसूचित क्षेत्रों में 250 से अधिक आबादी वाले बसाहटों को योजना से जोडऩे का प्रावधान रहा है। लेकिन पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति की बसाहट को बारहमासी सड़कों से जोडऩे के लिए जरूरी आबादी के संख्या को शिथिल किया गया। अब 100 से अधिक आबादी वाले इन विशेष पिछड़ी जनजाति वाले बसाहटों के लिए पक्की सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिनमें वर्तमान में 4 अन्य सड़कों का काम जारी है। इन सड़कों के पूरा होने से इन गांवों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच आसान होगी। उनके बच्चों को पढ़ने-लिखने के लिए बाहर आने-जाने में सुविधा होगी। खेती-किसानी के लिए कृषि उत्पादों का परिवहन और विकासखण्ड और जिला मुख्यालय सहित अन्य जगहों पर ग्रामवासियों का आवागमन सुगम होगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU